दैनिक

आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802

E-Mail-parihargarjana@gmail.com

# परिहार गर्जना

संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका

संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916

वर्ष 13 | अंक 201 | छतरपुर, सोमवार 17 फरवरी 2025 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16

# विश्वामित्र के भारत में विश्व मित्र श्री मोदी रखेंगे कैंसर अस्पताल की आधारशिला

## कन्याओं को आशीर्वाद देने आ रहीं राष्ट्रपति मुर्मू

छतरपुर। सिद्ध तीर्थ बागेश्वर धाम में 19 फरवरी से कलश यात्रा के साथ बुन्देलखण्ड का महामहोत्सव शुरू हो रहा है। रविवार को बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने पत्रकारों से संवाद करते हुए धाम में होने वाले आयोजन की जानकारी दी। महाराजश्री ने कहा कि देवर्षि विश्वामित्र के भारत में विश्व मित्र की भूमिका निभाने वाले देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 23 फरवरी को बागेश्वर धाम में कैंसर अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर की आधारशिला रखेंगे। 23 फरवरी की शाम को कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। वहीं 26 फरवरी को देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू 251 वर-वधू को सफल वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद देंगी।

महाराजश्री ने 7 दिनों तक चलने वाले महा उत्सव की मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि 19 फरवरी को विशाल कलश यात्रा निकलेगी। कलश यात्रा के माध्यम से गांव के देवी-देवताओं को महोत्सव सफल बनाने के लिए निमंत्रण दिया जाएगा। 3 से 5 हजार सदस्य गांव-गांव पीले चावल बांटकर कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। बागेश्वर धाम में 18 पुराण, चार वेद, 6 शास्त्र का वाचन होगा। 23 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बालाजी कैंसर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च इंस्टीट्यूट की आधारशिला रखेंगे। 20 फरवरी को भारत एवं संपूर्ण विश्व के शिष्य मंडल धाम पहुंचेंगे और इसी दिन अन्नपूर्णा यज्ञ की शुरूआत होगी।

### 21, 22 फरवरी को गुरू दीक्षा महोत्सव, रामलीला

21 एवं 22 फरवरी को धाम में गुरू दीक्षा महोत्सव होगा। जिनमें दीक्षा का कार्यक्रम रखा गया है जबकि शाम को रामलीला का मंचन होगा। बागेश्वर धाम आने वाले भक्तों के लिए सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों की व्यवस्था की गई है ताकि वे बालाजी और बागेश्वर महादेव के दर्शन करने के साथ ही भगवत चर्चा श्रवण कर पुण्य लाभ कमाएं।

### 22 से शुरू होगी दीदी मां की प्रवचन माला

देश की प्रख्यात कथावाचक एवं अनाथ बेटियों को वात्सल्य देने वालीं दीदी मां ऋतंभरा धाम में आशीर्वचन देने आ रही हैं। 22 फरवरी से 25 फरवरी तक दीदी मां प्रवचन करेंगी। युवाओं से लेकर वरिष्ठ और बुजुर्ग लोगों को धर्म के प्रति प्रेरित करने तथा हिन्दू राष्ट्र की प्रेरणा जगाने दीदी मां सबको अपनी वाणी रूपी अमृत से आनंदित करेंगी।

### 24 को अवधेशानंद महाराज के प्रवचन, खली की कुश्ती

24 फरवरी को देश के प्रख्यात संत अवधेशानंद गिरि जी महाराज के प्रवचन होंगे। वहीं इसी दिन जाने-माने रेसलर द ग्रेट खली अपने शिष्यों के साथ बागेश्वर धाम आएंगे और कुश्ती का प्रदर्शन कराएंगे। बागेश्वर धाम में सीडब्ल्यूसी की फाइट देखने को मिलेगी। यह करीब 2 घंटे का कार्यक्रम रहेगा।

### 3 लाख वर्गफिट में लग रहा टेंट, 15 एकड़ में मण्डप, भण्डारा

बागेश्वर धाम के कार्यक्रम को वृहद रूप दिया गया है। 3 लाख वर्गफिट में टेंट लगाया जा रहा है तो वहीं 12 से 15 एकड़ में मण्डप और भण्डारे की व्यवस्था की गई है। महाराजश्री ने कहा कि बागेश्वर धाम देश का एक ऐसा स्थल है जहां गरीब बेटियों के लिए दानपेटी खोली गई है। दानपेटी से गरीब बेटियों का घर बसाने का यहीं से संदेश दिया जा रहा है।



### राष्ट्रपति देंगी बेटियों को आशीर्वाद

26 फरवरी को बुन्देलखण्ड का ऐतिहासिक कन्या विवाह महोत्सव आयोजित हो रहा है। 251 वर-वधू को सफल वैवाहिक जीवन का राष्ट्रपति आशीर्वाद देंगी। इस दिन देश के प्रख्यात संत मंच पर उपस्थित रहेंगे। महाराजश्री ने सभी को कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण दिया है।

### वर-वधू पक्ष को भेंट की लहंगा-चुनरी, शेरवानी, टोपी

सभी 251 जोड़ों को बागेश्वर धाम बुलाकर महाराजश्री एवं पशु पालन राज्यमंत्री लखन पटेल ने शुरूआती सामग्री भेंट की है। बेटी के लिए लहंगा-चुनरी, सेंडल, कंगन और दूल्हे के लिए शेरवानी तथा टोपी भेंट की है ताकि वे एक दिन पहले ही तैयार होकर बागेश्वर धाम पहुंचेंगे। इस बार कन्या और वर पक्ष को 25 फरवरी को ही धाम बुलाया गया है ताकि वे किसी भी परेशानी से बच सकें।

### संत और खेल व सिनेमा जगत से आएंगे धाम

उक्त कार्यक्रम में देष के अनेक क्षेत्रों से साधु संतों का आमन हो रहा है, जिसमें परमपूज्य गुरूदेव जगद्गुरू रामभद्राचार्य जी महाराज, मलूक पीठाधीष्वर राजेन्द्रदास जी महाराज, गोरीलाल कुंज वाले स्वामी किषोरदास जी महाराज, इंद्रेष उपाध्याय जी, पुण्डरीक गोस्वामी जी, गीता मनीषी ज्ञानानंद जी महाराज, पूज्य चिदानंद स्वामी जी महाराज, पूज्य बालक योगेष्वरदास जी महाराज, अयोध्या के पूज्य संत रामदिनेष आचार्य जी महाराज, पूज्य अभिरामाचार्य जी महाराज, अभयदास जी महाराज, हरिद्वार से श्री रामदास जी महाराज, परमपूज्य चिन्मयानंद बापूजी महाराज, पूज्य गंगादास जी महाराज, पूज्य गोपालमणि जी महाराज, पूज्य संजय सलिल जी महाराज सहित अनेक संत पधार रहे हैं। इसके अलावा बेटियों को आशीर्वाद देने के लिए क्रिकेट जगत के सितारे पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेन्द्र सहवाग, रॉबिन उथप्पा, आरपी सिंह, फिल्म जगत से पुनीत वषिष्ठ, कुष्ती जगज से ग्रेट खली सहित अनेक कलाकार पधारेंगे।

# बिना परमिट की संचालित होने वाली पांच बसें जप्त, एसडीएम अखिल राठौन ने की यह कार्रवाई

छतरपुर। पिछले कुछ दिनों में अलग-अलग कंपनी की बसें, बिना परमिट के संचालित होने की शिकायतें मिलने के बाद बीती रात छतरपुर एसडीएम अखिल राठौर द्वारा छतरपुर बस स्टैंड से 5 बसों को जप्त करने की कार्रवाई की गई है। जिन बसों को जप्त किया गया है, वे सभी अंतरर्राज्जीय स्तर पर संचालित हो रही थीं। प्रशासन द्वारा की गई इस बड़ी कार्रवाई के बाद बस संचालकों को हडकंप की स्थिति बनी हुई है।

छतरपुर एसडीएम अखिल राठौर ने बताया कि कार्रवाई में राधिक ट्रैवल्स, खजुराहो ट्रैवल्स, विजयंत और राजकल्पना कंपनी की एक-एक यात्री बस जप्त की गई। उक्त बसें छतरपुर से दिल्ली और नागपुर जा रही थीं लेकिन दस्तावेजों की जांच करने पर रूट परमिट नहीं मिले हैं। उन्होंने बताया कि प्रतिवेदन बनाकर कलेक्टर को भेजा जा रहा है, जल्द ही आगे की कार्रवाई होगी। उल्लेखनीय है कि छतरपुर से अलग-अलग राज्यों में जाने वाली ऐसी कई और बसें भी हैं जिनके दस्तावेजों में खामियां हैं और यही कारण है कि उक्त कार्रवाई के बाद बस संचालकों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।



# नरैनी नें जीता एसपीएल 2025 का खिताब जीत




रामिलन घोष

परिहार गर्जना न्यूज। सरबई। आज सरबई प्रीमियर लीग SPL का फाइनल मुकाबला सरबई और अंकल 11 नरैनी के बीच खेला गया जिसमें अंकल 11 नरैनी नें जीत अर्जित की और SPL 2025 का खिताब जीत लिया । आज मुख्य अतिथि के रूप में गोयरा सरपंच निर्मल शुक्ला गोयरा , सरबई सरपंच ऋष्णचन्द्र साहू आयोजक ओमप्रकाश अग्निहोत्री ( ओमी बाबा ) , भोलू शुक्ला गोयरा एवं अजय शुक्ला गोयरा मौजूद रहे । मुख्य अतिथि निर्मल शुक्ला जी गोयरा एवं आयोजक ( ओमी बाबा ) नें टॉस कराया । नरैनी नें टॉस जीतकर सरबई को बल्लेबाजी का आमंत्रण दिया । सरबई की शुरुआत कुछ खास नही रही सरबई टीम के बल्लेबाजों नें आज के फाइनल मैच में दर्शकों को भी काफी निराश किया और 20-20 ओवर के इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 16 ओवरों में महज 104 रनों पर ही ढेर हो गई नरैनी के गेंदबाजों के सामनें सरबई के बल्लेबाज सानू जरिया के अलावा कोई भी बल्लेबाज खास.प्रदर्शन नही कर सका । 104 रनों का पीछा करनें उतरी अंकल 11 की टीम नें आसानी से इस स्कोर को चेस कर लिया और SPL का खिताब अपनें नाम कर लिया । आज के मैच में शानदार प्रदर्शन करनें वाले तरुण उर्फ तन्नू को मुख्य अतिथि मंत्री दिलीप अहिरवार के भतीजे अजय अहिरवार नें मैन ऑफ द मैच से सम्मानित किया । ओमप्रकाश अग्निहोत्री ओमी बाबा के द्वारा को द्वारा कराए गए इस पूरे आयोजन में कमेटी के ऋष्णदत्त द्विवेदी डार्लिंग, यसीन , नीरज अवस्थी , जित्तन द्विवेदी एवं लल्लू खान, कोमल दीक्षित एवं दीपू विश्वकर्मा का अच्छा सहयोग रहा । वही अम्पायर्स के रूप में रामप्रताप घोष , नीरज अवस्थी एवं राममिलन अहिरवार नें अच्छा सहयोग दिया । कमेंट्रेटर्स के रूप में मनीष श्रीवास्तव जी एवं शुभम त्रिवेदी जी गोयरा नें भी अपनी सुन्दर कमेंट्री से दर्शकों का दिल जीता । आयोजक ओमप्रकाश अग्निहोत्री ओमी बाबा नें सहयोग करनें वाले सभी साथियों एवं सभी क्षेत्रीय दर्शकों का इस आयोजन को सफल बनानें के लिए आभार प्रकट किया ।

# समाज के युवाओं को शिक्षा से जोड़ें और नशे से दूर रखें - अनुपमा सिंह लोधी



विनोद कुमार जैन

*परिहार गर्जना न्यूज। बकस्वाहा। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य एवं पूर्व केंद्रीय भंडारण निगम अध्यक्ष श्रीमती अनुपमा सिंह लोधी का रविवार को वकस्वाहा में लोधी महासभा द्वारा नगर परिषद उपाध्याय श्रीमती नीमा देवी सिंह के नेतृत्व में ए पी एल मैरिज गार्डन पर भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के सदस्य, भाजपा नेत्री और बुंदेलखंड लोधी महासभा के संस्थापक सदस्य समेत समाज के प्रमुख लोग मौजूद रहे।*

स्वागत समारोह में लोधी महासभा के जिला अध्यक्ष श्री छत्रपाल सिंह लोधी, नगर परिषद उपाध्यक्ष श्रीमती नीमा देवी लोधी, शिक्षक रूप सिंह लोधी, देवेंद्र सिंह लोधी केरवारा, निरपत सिंह केरवारा, वीर सिंह लोधी केरवारा, बहादुर सिंह लोधी, मंडल उपाध्यक्ष दिलीप सिंह, रूप सिंह लोधी, अनिकेत सिंह लोधी, रितेश लोधी, शिक्षक देवी सिंह राजपूत, शैलेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, सत्यम सिंह लोधी समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभी ने फूलमालाओं और पुष्प गुच्छों से श्रीमती अनुपमा सिंह लोधी का स्वागत किया।

इस अवसर पर श्रीमती अनुपमा सिंह लोधी ने समाज के विभिन्न मुद्दों पर गहराई से चर्चा की। उन्होंने कहा, बसमाज की प्रगति के लिए हमें युवाओं को शिक्षा से जोड़ना और नशे से दूर रखना चाहिए। हम सबको समाज के प्रतिभाशाली छात्रों को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव सहयोग देना होगा। समाज को आगे बढ़ाने के लिए बच्चों को सम्मानित करना और उन्हें प्रेरित करना जरूरी है, ताकि वे अपनी प्रतिभा के अनुरूप सफलता प्राप्त कर सकें।

लोधी महासभा के जिला अध्यक्ष छत्रपाल सिंह ने समाज के उत्थान के लिए सभी से सहयोग की अपील की और आगामी समय में समाज का एक सम्मेलन आयोजित करने के लिए सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। शिक्षक रूप सिंह लोधी ने कार्यक्रम का संचालन किया और समाज की एकता के लिए हमेशा काम करने का संदेश दिया। देवी सिंह राजपूत ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।

# थाना लवकुशनगर पुलिस ने कॉम्बिंग गश्त के दौरान दो अलग अलग स्थानो से अवैध हथियार लिए 02 आरोपियों को किया गिरफ्तार

राकेश सिंह

परिहार गर्जना न्यूज। लवकुशनगर। पुलिस अधीक्षक छतरपुर द्वारा रात्रि मे काबिग गश्त कर अवैध शराब, अवैध हथियार, जुआ सट्टा के विरुद्ध कार्यवाही करने के साथ-साथ गुंडा लिस्टेड बदमाशों, निगरानी बदमाशों जेल रिहाई आरोपियो एवं जिला बदर आरोपियो को चैक करने हेतु निर्देशित किया गया था जो पुलिस अधीक्षक छतरपुर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन मे तथा एसडीओपी लवकुशनगर के नेतृत्व मे थाना लवकुशनगर से दो टीम तैयार कर रात्रि



मे काबिग गश्त की गई जो काबिग गश्त के दौरान थाना लवकुश नगर में गल्ला मंडी रोड लवकुश नगर में अवैध छुरा लेकर घूमने की सूचना प्राप्त होने आरोपी मौसम खान पिता मुन्ना खान उम्र 28 साल निवासी वार्ड नंबर 12 लवकुश नगर थाना लवकुश नगर के कब्जे से अवैध छुरा जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया । पुन: कांबिग गस्त के दौरान अवैध हथियार संबंधी सूचना प्राप्त होने पर संबंधित स्थान हायर सेकेंडरी स्कूल के पास दबिश दी। जहां एक आरोपी शैलेंद्र यादव पिता इंद्र नारायण यादव उम्र 23 साल निवासी ग्राम गिलोहा हॉल लवकुश नगर का अवैध हथियार 315 बोर का अवैध देसी कट्टा कारतूस सहित मिला अवैध हथियार जप्त कर आरोपी को अभिरक्षा में लेकर आयुध अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। काबिग गश्त के दौरान अवैश शराब से संबंधित स्थान एवं अड्डो को चैक किया जिससे अलग अलग स्थानो मे छापामारी कार्यवाही कर आबकारी अधिनियम के तहत 04 प्रकरण दर्ज किये गये । थाना लवकुशनगर मे काबिग गश्त के दौरान 02 गिरफ्तारी वारंट तामील किये गये ।01 स्थाई वारंट तामील किया गया 09 जमानती वारंट तामील किये गये तथा काबिग गश्त के दौरान 15 गुण्डा बदमाश, 05 निगरानी बदमाश एवं 01 जेल रिहाई आरोपी को चैक किया गया । उक्त कार्रवाई में एसडीओपी लवकुश नगर श्री नवीन दुबे के मार्गदर्शन में निरीक्षक पी आर डाबर थाना प्रभारी लवकुश नगर, उनि ज्ञान सिंह सहायक उप निरीक्षक जेपी बागरी, प्रधान आरक्षक माता बादल पटेल, पुरुषोत्तम विश्वकर्मा वीरेंद्र मोहन आरक्षक रमाकांत तिवारी, बलराम अहिरवार, हीर्देश नायक, अमित चंदेल उमेश वर्मा सूरज शर्मा, बनमाली कुशवाहा, सतीश सिंह, विकास सिंह, उदय प्रताप सिंह, चांद खान की अहम भूमिका रही

# चौकी प्रभारी के विदाई समारोह में उमड़ी लोगों की भीड़

## नवागत चौकी प्रभारी का लोगों ने किया स्वागत

राजाराम साहू

परिहार गर्जना न्यूज। घुवारा। रविवार को नगर के पुलिस उपथाना परिसर में चौकी प्रभारी के स्थानांतरण हो जाने के उपलक्ष्य में भव्य विदाई समारोह कार्यक्रम रखा गया ।जिसमें कार्यक्रम से पहले आमंत्रित सभी अतिथियों का सामूहिक भोज उपरांत विदाई कार्यक्रम हुआ ।जिसमें बड़ामलहरा एसडीओपी, घुवारा तहसीलदार, भगवा नायब तहसीलदार, भगवां थाना प्रभारी, बमनौरा थाना प्रभारी, रामटौरिया चौकी प्रभारी, के अलावा समस्त पुलिस स्टाफ, नगर व क्षेत्र के जन प्रतिनिधि, पत्रकार बंधुओं के साथ नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे ।इस विदाई कार्यक्रम में शामिल हुए अधिकारियों एवं अन्य लोगों ने स्थानांतरित हुए चौकी प्रभारी प्रमोद कुमार रोहित का तिलक लगाकर माल्यार्पण करते हुए उन्हें शॉल श्रीफल और नाना प्रकार के उपहार भेंट किए साथ ही उनके करीब आठ माह के कार्यकाल की अधिकारियों एवं स्थानीय लोगों ने बढ़चढ़ कर सराहना की साथ ही नवागत चौकी प्रभारी मोहर सिंह सिकरवार का भव्य स्वागत किया गया ।इस विदाई समारोह के उपरांत चौकी प्रभारी रहे प्रमोद कुमार रोहित को गाजे बाजे के साथ पुलिस स्टाफ और स्थानीय लोगों ने नगर के आखिरी छोड़ तक विदा करने गए ।जहां पर सब इंस्पेक्टर प्रमोद रोहित ने सभी लोगों को धन्यवाद ज्ञापित कर चले गए ।इस विदाई कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बड़ामलहरा एसडीओपी रोहित सिंह अलावा, तहसीलदार कपिल शर्मा, नायब तहसीलदार शिव कुमार गौतम, भगवां थाना प्रभारी धर्मेंद्र सिंह, बमनौरा थाना प्रभारी रामस्वरूप उपाध्याय, नवागत घुवारा चौकी प्रभारी मोहर सिंह सिकरवार, समस्त पुलिस स्टाफ, जनप्रतिनिध, नगर के पत्रकार बंधु, एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।




# जीआरपी जवान की सतर्कता से गुम हुआ बच्चा सकुशल परिजनों तक पहुंचा

छतरपुर। गवर्नमेंट रेलवे पुलिस (जीआरपी) के एक जवान की सतर्कता के चलते एक गुम हुआ बच्चा सकुशल अपने परिजनों तक पहुंच गया है। बताया गया है कि दो दिन पहले भोपाल का रहने वाला 14 वर्षीय शौर्य परिहार अपने घर से लापता हो गया था, जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस के साथ-साथ रेलवे पुलिस को भी दी गई थी। रेलवे पुलिस को मिली जानकारी से मेल खाने वाला एक बच्चा भोपाल से छतरपुर आई एक ट्रेन में जीआरपी छतरपुर के जवान निशांत पाठक को दिखाई दिया, जिस पर उन्होंने तुरंत शौर्य परिहार के परिजनों को वीडियो कॉल कर बच्चा दिखाया और परिजनों द्वारा पुष्टि किए जाने के बाद उसे सकुशल परिजनों तक पहुंचाया गया। शौर्य के परिजनों ने जीआरपी छतरपुर के जवान निशांत पाठक का आभार जताया है।



# जिसके जीवन में गुरु नहीं उसका जीवन शुरू नहीं-पूज्य उपाध्यक्ष विरंजन सागर जी

## -पूज्य उपाध्यक्ष विरंजन सागर जी की पिच्छिका जबलपुर निवासी राहुल जैन क्राकरी को प्राप्त हुई

## -भव्यता के साथ संपन्न हुआ गुरु उपकार दिवस हज़ारों की संख्या में भक्त गण हुए शामिल



परिहार गर्जना न्यूज। सागर!जिसके जीवन में गुरु नहीं उसका जीवन शुरू नहीं उन्होंने कहा जिसके जीवन में गुरु होता उसका जीवन हमेशा कल्याण के मार्ग पर प्रशस्त होता है। गुरु के उपकारों को जीवन में कभी नहीं भूलना चाहिए। गुरु वह है जो कंकर को शंकर बनाने की शक्ति रखता है। गुरु वह है जो मुश्किल समय में भी हमेशा सच्ची राह दिखा कर मुसीबत से निकाल लेता है यह विचार उपाध्याय विरंजन सागर महाराज ने सागर में आयोजित उपकार दिवस की मंगल देशना में प्रकट किए।

पाठशाला की बेटियों द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत का भव्य आयोजन का शुभारम्भ हुआ कार्यक्रम में पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज एवं गणाचार्य विराग जी महराज के चित्र का अनावरण एवं चित्र के समक्ष प्रज्वलन भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी वरिष्ठ रमेश जैन दीपक जैन सुपाड़ी वाला परिवार,समाज सेवी संतोष जैन घडी ने किया एवं पूज्य उपाध्याय श्री के पाद प्रचालन का सौभाग्य मुकेश जैन श्रीकांत जैन हीरापूर परिवार को प्राप्त हुआ वहीँ श्रीमती अनुश्री-शैलेंद्र कुमार जैन विधायक सागर ने पूज्य उपाध्याय श्री को शास्त्र भेंट किए!

विरंजन सागर जी महराज ने प्रवचनों मे विचार प्रकट करते हुए कहा जिस तरह ग्रहस्त लोगों के जीवन में कुछ विशेष दिवसों का अपना महत्व होता है उसी तरह हम संतो के जीवन में जिन दिवसों का महत्वपूर्ण योगदान होता है उनमें सबसे विशेष है यह गुरु उपकार दिवस है जब हमारे गुरु ने हम शिष्यों पर उपकार कर हमें इस योग्य समझा कि हम धर्म मार्ग पर चलकर निज कल्यान के साथ जन कल्याण कर पाएंगे। मुनि श्री सौम्य सागर जी महाराज ने कहा कि हम तो साधारण मानव थे पर गुरु ने उपकार कर हमारे जीवन को धन्य बना दिया।और हम सभी गुरु के दिए गए संस्कारों को अलग अलग जगहों पर धर्म प्रभावना कर गुरु परंपरा का निर्वाहन करते है। आयोजन में जैन पंचायत सभा के अध्यक्ष मुकेश जैन ढाना,पूर्व विधायक सुनील जैन,पार्षद शैलेश केशरवानी,नेवी जैन, पराग बजाज,संजीव दिवाकर,सौरभ बूंद अशोक श्रेयांस जैन सुपारी,अशोक जैन के साथ सागर व क्षेत्रों से पधारें भक्त गणों ने पूज्य उपाध्याय श्री को श्री फल भेंट किए आयोजन के दौरान नन्हें नन्हें बच्चों व बालिका मंडल की बहिनों ने विभिन्न प्रस्तुतियां दी साथ ही नगर के विभिन्न महिला मंडलों द्वारा पूर्ण भक्ति भाव के साथ पूजन की गई भव्य आयोजन में हुए पिच्छिका परिवर्तन में पूज्य उपाध्यक्ष विरंजन सागर जी की पिच्छिका जबलपुर निवासी राहुल जैन क्राकरी एवं मुनि सौम्य सागर जी की पिच्छिका पराग अंजली जैन स्टूडेंट ट्रेवल्स परिवार को प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

आयोजन के लिए पूज्य उपाध्याय श्री का आग्रह जन चर्चाओं में रहा क्युकी उपाध्याय श्री ने सागर नगर की जन सुविधाओं को द्रष्टिगत रखते हुए आयोजन को मुख्य मार्ग को छोड़कर आयोजित करने हेतु आयोजन समिति को अनुमति प्रदान की थी कार्यक्रम का संचालन कवि अखिल जैन आनंद,आशीष जैन तेंदूखेड़ा ने किया। पूज्य उपाध्याय विरंजन सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में निर्विघ्न संपन्न हुए भव्य आयोजन का आभार अहिंसा यात्रा संघ संयोजक संजय जैन सवाई ने व्यक्त किया! उपकार दिवस पर पूज्य उपाध्याय श्री विरंजन सागर जी महाराज की आहारचर्या को सौभाग्य रामपुरा निवासी मुकेश जैन श्रीकांत जैन भाजपा जिला मीडिया प्रभारी परिवार को प्राप्त हुआ था आयोजन मे मुकेश जैन खुरई,प्रदीप जैन,राजीव गायक,राजकुमार पड़ेले, जितेंद्र जैन,नितिन जैन तिलकगंज, राहुल पड़ेले के साथ हजारों की संख्या में भक्त जन शामिल हुए!उक्त जानकारी कार्यक्रम आयोजन समिति मीडिया प्रमुख अखिल जैन ने दी।

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 हेतु ब्रांड एबेसडर नियुक्त

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 हेतु समाजसेवी इंजी. प्रकाश चौबे, डॉ विनोद तिवारी एड. श्री राम सेवा समिति एवं श्री मनीष बोहरे रंग थियेटर ग्रुप को नगर निगम सागर का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है।

निगमायुक्त ने सभी ब्रांड एंबेसडर से अपेक्षा की है कि वे नगर निगम द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए की जा रही विभिन्न गतिविधियों में भागीदारी सुनिश्चित कर नागरिकों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों की सहभागिता कर स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए कार्य करेंगे।

## आचार्य श्री के चरण कमल की शोभायात्रा आज निकलेगी

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के प्रथम समाधि स्मृति दिवस 18 फरवरी को सकल दिगम्बर जैन समाज सागर द्वारा उनके चरण कमल शोभा यात्रा के रूप में कटरा मंदिर से भाग्योदय की ओर सुबह 7 बजे निकलेगी कटरा स्थित पार्श्वनाथ जैन मंदिर से मुनि श्री विरंजन सागर जी महाराज ससंघ का शोभा यात्रा में सानिध्य प्राप्त होगा। शोभायात्रा विजय टाकीज रोड, माता मढिया, रेलवे ओबर ब्रिज, सुभाष नगर होकर सुबह 8.30 बजे भाग्योदय तीर्थ पहुँचेगी मुनि सेवा समिति के सदस्य मुकेश जैन ढाना ने सकल दिगम्बर जैन समाज सागर के सभी लोगों से आग्रह किया कि शोभायात्रा में शामिल होकर आचार्य श्री के प्रति अपनी श्रद्धा समर्पण प्रदर्शित करें।

# आबकारी ठेका व्यवस्था वर्ष 2025-26 हेतु आवेदन 17 फरवरी से

*परिहार गर्जना न्यूज। सागर। जिले की 104 कम्पोजिट मदिरा दुकानों का 34 एकल समूह के रूप में वर्ष 2025-26 हेतु निष्पादन की प्रक्रिया के अंतर्गत प्रथमत: नवीनीकरण के माध्यम से पात्र अनुज्ञप्तिधारकों से दिनांक 17 फरवरी 2025 से दिनांक 21 फरवरी 2025 सायंकाल 05ः30 तक विक्रय एवं सायंकाल 06ः00 बजे तक आवेदन पत्र जमा किये जायेंगे।*

आबकारी अधिकारी दीपक अवस्थी ने बताया कि नवीनीकरण उपरांत जिले के शेष रहे एकल समूहों में सम्मिलित कम्पोजिट मदिरा दुकानों को निर्धारित आरक्षित मूल्य पर लॉटरी आवेदन पत्र दिनांक 22 फरवरी 2025 प्रात: 10ः00 बजे से दिनांक 27 फरवरी 2025 के सायंकाल 01ः30 बजे तक लॉटरी आवेदन पत्र विक्रय करने तथा दिनांक 27 फरवरी 2025 को दोपहर 02ः00 बजे तक लॉटरी आवेदन पत्र जमा करने का समय निर्धारित है। नवीनीकरण/लॉटरी के माध्यम से प्राप्त आवेदनों का निराकरण कलेक्टर संदीप जी आर की अध्यक्षता में गठित जिला समिति द्वारा कलेक्टोरेट सभाकक्ष सागर में दिनांक 27 फरवरी 2025 को दोपहर 02ः00 बजे से सार्वजनिक रूप से किया जावेगा।

इस संबंध में आवेदन पत्र के साथ जमा की जाने वाली धरोहर राशि, आरक्षित मूल्य, नवीनीकरण / लॉटरी आवेदन पत्र का मूल्य, मदिरा दुकानों की खपत, दुकानों की अवस्थिति एवं संलग्न किये जाने वाले अन्य अभिलेखों, निर्देशों आदि की जानकारी कार्यालय सहायक आबकारी आयुक्त, जिला सागर से अवकाश दिवसों सहित कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकेगी।

# माता को प्रत्यक्ष देवता माना गया है। प्रत्यक्ष देवता को हमें भूलना नहीं है- महेश अग्रवाल

## -विद्यालय ने जो भी संस्कार, अनुशासन, समर्पण सिखाए हैं वे आपके डीएनए में है,प्राचार्य सुनील कुमार मुडोतिया

## -सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीना में आशीर्वाद समारोह एवं पूरन लाल पटेल का सेवानिवृत्ति समारोह

**राजेश बबेले**

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीना में कक्षा 12ह्व्द का आशीर्वाद समारोह एवं विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य पूरन लाल पटेल का सेवानिवृत्ति समारोह मां सरस्वती जी के पूजन से प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य पूरन लाल पटेल को साल व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। पूरन लाल पटेल ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपको जो भी विद्यालय व परिवार से सिखाया गया है, उसे अपने जीवन में आत्मसात करें। जो अच्छाइयां आपको मिली उन्हें याद रखते हैं। लक्ष्य निर्धारित करना है, दिनचर्या में सुधार लाएं। एवं सुबह जागे तो मुस्कुराते हुए उठे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कमलकांत जैन व्याख्याता ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुरु का कर्ज कभी कोई चुका नहीं सकता। गुरु ने अपने समर्पण से सभी का जीवन संवारा है। सरस्वती शिशु मंदिर संस्कार सिखाता है। समाज में कैसे सुधार ला सकते हैं, ऐसे विचार लेके आप विद्यालय से जा रहे हो जो संस्कार आपके विद्यालय से मिले हैं, बे कभी भूलना नहीं। विद्यालय के व्यवस्थापक भैया सचिन कटारे इंजीनियर ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा की आज हमें खुशी और दुख का समय है। गुरु वह महान विभूति है जो ईंट, सीमेंट से विद्या का मंदिर बना देता है। जो विद्यालय से संस्कार व अनुशासन मिला है, वह जीवन में आगे काम आएंगे। नगर संघ चालक मुरारी गोस्वामी ने बताया कि जीवन का प्रत्येक दिन परीक्षा होती है। परीक्षा को तनाव के रूप में ना लें। यदि जीवन भर अनुशासन व संस्कार में रहेंगे, तो तनाव नहीं होगा। जीवन में समय संयोजन करने की आदत डालना चाहिए।क्रब्क्ष्ट महेन्द्र जाट ने बताया कि हमारे देश में हमने अच्छाइयों को पूजा है यह हमारी संस्कृति है। शिशु मंदिर ने ऐसे बालकों का निर्माण किया है जो देश के प्रति काम कर रहे हैं, देश सेवा कर रहे हैं। हमारी सोच अच्छी होनी चाहिए। हमें अपना बार-बार मूल्यांकन करना चाहिए। विभाग समन्वयक राजकुमार ठाकुर ने पूरन लाल पटेल के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे यहां ना तो आचार्य, और न ही भैया बहन का विदाई समारोह होता है। विद्या भारती लोगों से सतत संवाद बनाए रखती है। आपकी पहचान विद्या भारती है। इस पहचान को बनाए रखना है। विद्या भारती के संगठन मंत्री अमित दवे ने 12ह्व्द कक्षा में मध्य प्रदेश की मेरिट सूची में आने पर ?100000 पुरस्कार देने की घोषणा की है। हम करने वाले ना बने, काम देने वाली बने। जिला सचिव महेश अग्रवाल ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कर्म पर हमारा अधिकार होता है, फल पर नहीं। हमें हमारा कर्म करना है यह हमारा लक्ष्य होना चाहिए। यदि छोटी सी असफलता मिलती है, तो हम गलत कदम उठा लेते हैं। ऐसा कार्य नहीं करना चाहिए। माता को प्रत्यक्ष देवता माना गया है। प्रत्यक्ष देवता को हमें भूलना नहीं है। पटेल जी के कार्य करने की क्षमता बहुत अच्छी रही है। उनका जीवन आनंदमय हो।सभी भैया बहनों का परिणाम शत प्रतिशत आए।



साथ ही अधिक से अधिक भैया बहन मेरिट सूची में आए।अंत में अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार मुडोतिया ने बताया कि भैया बहन का संबंध विद्यालय से कभी छुटने वाला नहीं है। विद्यालय ने जो भी संस्कार, अनुशासन, समर्पण सिखाए हैं वे आपके डीएनए में है। सभी भैया बहन अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हो। शत प्रतिशत परिणाम आए। एवं पटेल जी का जीवन सुखमय एवं आनंदमय हो। इस कार्यक्रम में मंडी बामोरा विद्यालय के प्राचार्य रूपनारायण खरे,रामनाथ,अशोक राय,वीरेंद्र तिवारी,आदित्य रंजन जैन, कढ़ोरी लाल साहू, विद्यालय के प्रधानाचार्य शरद पटेल, मीडिया प्रभारी भूपेंद्र सिंह ठाकुर समस्त भैया बहन वह आचार्य परिवार उपस्थित रहे।

### अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का टीकमगढ़ पुलिस ने किया पर्दाफाश-

# 17 मोटर साइकिलों सहित पुलिस ने किया 1 ट्रैक्टर-ट्राली जप्त, शातिर गिरोह के छह आरोपी गिरफ्तार

**सौरभ खरे**

परिहार गर्जना न्यूज।टीकमगढ़। विगत दस-बारह सालों से अपराध जगत में दहशत का पर्याय बने अंतर्राज्यीय गिरोह को हवालात तक पहुंचाने में आखिर टीकमगढ़ पुलिस ने कामयाबी हासिल की है। गिरोह के छह आरोपियों को लाखों रूपए कीमत की बाईकों के साथ ही ट्रेक्टर-ट्राली सहित दबोचा गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया है कि पकड़े गए आरोपियों ने मोहनगढ़, दिगौड़ा सहित अन्य थाना क्षेत्रों के गांवों से बाईक चोरी सहित अन्य वारदातों को अंजाम दिया है। इन आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई होने से इलाके में होने वाली चोरी सहित अन्य वारदातों पर विराम लग सकेगा। एसपी श्री मंडलोई ने कहा कि पकड़े गए आरोपियों में यूपी एवं एमपी दोनों प्रांतों के आरोपी शामिल हैं। यहां पत्रकारों से रूबरू होते हुए पुलिस अधीक्षक अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने पुलिस टीम द्वारा तैयार की गई कार्य योजना सहित प्रयासों पर जहां प्रकाश डाला, वहीं उन्होंने आरोपियों द्वारा की गई वारदातों पर भी प्रकाश डाला। बताया गया है कि एसपी श्री मंडलोई के निर्देशन में अन्तर्राजीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश किया गया है। जिसमें 6 आरोपी गिरफ्तार किये गये है। जिनसे 17 मोटर साइकिलें कुल कीमती 17 लाख रूपए एवं 01 ट्रेक्टर. ट्राली कुल कीमती 7 लाख रूपए कुल मसरूका 24 लाख रुपए का जप्त किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी एवं मशरूका जप्ती हेतु 06 पुलिस टीमों का किया गया था। जिसमें उप्र एवं मप्र के सदस्यों का संगठित गिरोह द्वारा छतरपुर, शिवपुरी, झाँसी, ललितपुर सहित उप्र एवं मप्र के कई जिलों में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा था। पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा टीकमगढ़ जिले में हो रही वाहन चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए उक्त घटनाओं को कारित करने बाले आरोपियों को चोरी गए मशरूका सहित गिरफ्तार करने हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम के मार्गदर्शन में एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे, एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के नेतृत्व में विभिन्न थाना प्रभारियों सहित 06 पुलिस टीमों का गठन किया गया ।

***पुलिस टीम द्वारा की गई कार्यवाही-***

बताया गया है कि गठित पुलिस टीम द्वारा कड़ी मेहनत एवं लगन से कार्य करते हुए साइबर सेल एवं मुखबिर तंत्र की सहायता से उत्तर प्रदेश एवं मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से 06 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। बताया गया है कि उनसे सख्ती से पूंछतांछ कर कुल 17 मोटर साइकिलें जिसमें बुलेट, अपाचे, हीरो होंडा आदि कंपनियों की बरामद की गई। साथ ही आरोपियों से थाना देहात अंतर्गत हुई ट्रेक्टर चोरी एवं थाना कोतवाली अंतर्गत महिला के साथ हुई लूट की घटना का खुलासा किया गया है। जिसमें 4 बुलेट मोटर साईकिल, 5 स्प्लेंण्डर, 6 अपाचे, 1 पल्सर, 1 लीबो, 1 ट्रेक्टर. ट्राली जप्त की गई है। बताया गया है कि गिरफ्तार आरोपियों में संदीप पिता सुमित कुमार जैन उम्र 29 साल निवासी कुआ गांव थाना बानपुर, जयदीप पिता मुलायम सिंह परमार निवासी लड़वारी थाना बार, शनि पिता सुखराम वंशकार निवासी बटवाहा थाना बार, ब्रजेश पिता जमुना प्रसाद मिश्रा निवासी अनगोर थाना गुलगंज जिला छतरपुर, नरेंद्र राजा उर्फ कलूटे बुंदेला पिता गुलाब सिंह बुंदेला निवासी अतपेयी थाना चिरगांव जिला झांसी, अवतार पिता दुर्गा पाल निवासी




चिकलउआ थाना बार जिला ललितपुर के नाम शामिल हैं।

***कलूटे पर दस साल में दस मामले-***

अंतर्राज्यीय गिरोह में शामिल नरेन्द्र उर्फ कलूटे पर अब तक दस मामले अलग-अलग थानों में दर्ज हैं। बताया गया है कि कलूटे पर थाना तालबेहट में 5, चिरगांव में 2, बबीना, बड़ागांव यूपी सहित टीकमगढ़ कोतवाली में एक-एक प्रकरण दर्ज है। यह आरोपी विगत दस-बारह साल से अपराध जगत में सक्रिय है। इसी प्रकार अवतार पाल पर ललितपुर कोतवाली में छह एवं कोतवाली टीकमगढ़ में दो प्रकरण पंजीवद्ध बताए गए हैं। इन शातिर आरोपियों में अवतार पर यह मामले विगत पांच साल के भीतर ही दर्ज किए गए हैं।

***कार्रवाई को इन्होंने दिया बखूबी अंजाम-***

उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक नीरज लोधी थाना प्रभारी दिगौड़ा, उप निरीक्षक अमित साहू थाना प्रभारी देहात, उप निरीक्षक संदीप चौधरी थाना प्रभारी मोहनगढ़, उप निरीक्षक प्रदीप तिवारी थाना मोहनगढ़, उप निरीक्षक मयंक नगायच (साइबर सेल), सहायक उप निरीक्षक कल्याण सिंह थाना दिगौड़ा, प्रधान आरक्षक कैलाश विश्वकर्मा थाना मोहनगढ़, प्रधान आरक्षक रहमान खान (साइबर सेल), प्रधान आरक्षक राघवेन्द्र श्रीवास्तव थाना मोहनगढ़, अजय शुक्ला थाना दिगौड़ा, अभय वर्मा थाना दिगौड़ा, विजय घोष थाना दिगौड़ा, आरक्षक रवेन्द्र यादव थाना मोहनगढ़, अजीत जादौन थाना मोहनगढ़, अवनीश पुरी थाना मोहनगढ़, हितेश तिवारी थाना मोहनगढ़, पुष्पराज सिंह थाना मौहनगढ़, सुनील कुमार थाना मोहनगढ़, अंकुल दांगी थाना मोहनगढ़, आदित्य द्विवेदी थाना मोहनगढ़, महेश विश्वकर्मा थाना मोहनगढ़, दीपेश सेन थाना मोहनगढ़, सदन कटारा थाना मोहनगढ़, लक्ष्मी प्रसाद कुशवाहा थाना मोहनगढ़, रजित दांगी थाना दिगौड़ा की सराहनीय भूमिका रही है।

## बीईओ सिद्धार्थ जैन ने किया जीएमएस नैनवारी का निरीक्षण

टीकमगढ़। स्कूलों में शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बेहतर क्रियान्वयन और शिक्षण कार्य को बेहतर रखा जाए। परीक्षाओं के दौरान बच्चों को परीक्षाओं के दौरान रखी जाने वाली सावधानियों से भी अवगत कराया जाए, जिससे वह ठीक तरह से परीक्षाएं दे सकें। शिक्षकों को चाहिए कि वह समय पर आएं और अपना कार्य पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से करें। यह विचार निरीक्षण के दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी सिद्धार्थ जैन ने व्यक्त किए। उन्होंने ग्राम नैनवारी में शाला का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों को आवश्यक निर्देश दिए। श्री जैन ने कहा कि शाला में बच्चों को बेहतर खाना मिले और उनके लिए साफ-स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए। बताया गया कि इस दौरान उन्होंने बच्चों से भी चर्चा की। इस अवसर पर बीएमओ श्री जैन के अलावा संकुल प्राचार्य सीएल सर, सीएसी राजीव तिवारी, सीएसी किरण कुमार खरे उपस्थित रहे। बताया गया है कि निरीक्षण के दौरान श्री जैन ने संस्था में हो रहे अतिक्रमण को रोकने के साथ ही असामाजिक तत्वों द्वारा गंदगी न फैलाने के संबंध में ग्रामीण जनों से बात की। उन्होंने कहा कि शाला परिसर के अंदर शराब खोरी न हो, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। यदि कोई यहां किसी प्रकार की अप्रिय घटना को अंजाम देता है, तो उसके खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि शाला की साफ सफाई करने सहित अन्य कार्यों को समय सीमा में पूरा किए जाएं। बीईओ श्री जैन ने कहा कि शत-प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति पर ध्यान दिया जाए। इस मौके पर संस्था प्रभारी संतोष तिवारी, संजीव कुमार मिश्रा, रचित जैन, अनुराग जैन, अरुण त्रिपाठी व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



## आम जनता को राहत दिलाने में नहीं छोड़ी जाएगी कमी-सरोज राजपूत

### अनियमितताएं करने वाले प्रशासनिक अधिकारियों पर कसेगी लगाम

परिहार गर्जना न्यूज।टीकमगढ़। इन दिनों राजस्व विभाग की कारगुजारियां चर्चाओं में बनी हुई हैं। खासतौर पर अधिवक्ताओं एवं किसानों के मिले जुले विरोध के चलते एसडीएम कार्यालय सुर्खियों में बना हुआ है। कार्यालयों में मची भर्राशाही एवं अनियमिताओं के लगते आरोपों पर बीजेपी जिलाध्यक्ष श्रीमती सरोज राजपूत ने संज्ञान लेते हुए इस दिशा में जल्दी ही संतोषजनक कार्रवाई कराने के आश्वासन दिए हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों एवं किसानों को कार्यालयों में होने वाली परेशानियों को दूर करने के लिए वह जिला कलेक्टर से चर्चा कर ठोस कदम उठाए जाने का आग्रह करेंगे। श्रीमती राजपूत ने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की मंशा है कि किसानों एवं आम नागरिकों को शासन की योजनाओं का बेहतर लाभ मिले। भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन हो। सरकार द्वारा किए गए वादों को पूरा करने में किसी प्रकार की कमीं नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं को एसडीएम कार्यालय से होने वाली परेशानियों को दूर कराने के हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। यहां बता दें कि पिछले दो-तीन दिनों से एसडीएम कार्यालय में होने वाली अनियमितताओं एवं लापरवाही को लेकर नाराजगी कुछ ज्यादा ही हो गई है। यहां अधिकारी के देर से आने और देर रात तक रूकने को लेकर रोष व्याप्त है। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी ने कहा है कि उनका देर रात तक कार्यालय में रहना और देर से कार्यालय आना कई प्रकार के संदेहों को जन्म देता है। एसडीएम के खिलाफ लगातार शिकायतें की जा रही हैं, इसके बाद भी अब तक उनका जमा रहना चर्चाओं में बना हुआ है। राजस्व कार्यालय में भ्रष्टाचार और मनमानी के साथ ही कार्यालय में धांधली के आरोप लगाए जा रहे हैं। इस संबन्ध में कार्रवाई की जाए, जिससे प्रशासन की के कल्याणकारी कार्य एवं जनहितैषी कार्य समय पर हो सकें। अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी ने एसडीएम कार्यालय के बिगड़ते हालात और एसडीएम की मनमानी पर नाराजगी जाहिर की है। इस संबन्ध में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी ने कहा है कि एसडीएम संजय दुबे की कार्यशैली विवादित रही है। उनकी विवादित कार्यशैली और मनमानी को लेकर तत्कालीन कलेक्टर अवधेश शर्मा को अधिवक्ताओं ने आवेदन दिया था। इसके बाद भी लोगों की समस्याएं अब तक दूर नहीं हो सकी हैं। व्यवस्थाओं में सुधार नहीं किये जाने से अधिवक्ताओं को परेशान होना पड़ता है। श्री त्रिपाठी ने कहा कि फाइलों का निबटरा अधर में लटका हुआ है। अधिवक्ताओं द्वारा कार्रवाई न होने पर आंदोलन किया जाएगा। वह न तो कार्यालय में समय पर बैठते हैं और न ही फाइलों का निबटरा समय पर किया जाता है। उनके आने का समय निर्धारित नहीं है। कार्यालयीन समय समाप्त होने के बाद कार्यालय में बैठते हैं। न्यायायिक कार्य शाम साढ़े सात के बाद करने से संदेह उत्पन्न होना लाजमी हो जाता है। पारदर्शितापूर्ण और ईमानदारी से कार्य न होने के कारण जहां अनेक सवाल उठाए जा रहे हैं, वहीं प्रतिफल की मांग किए जाने से निष्पक्षता की उम्मीद कम रह जाती है। श्री त्रिपाठी ने कहा है कि एक जिम्मेदार पद पर ईमानदारी के साथ एवं बिना राग द्वेष के कार्य किए जाने की उम्मीद की जाती है, लेकिन इन सब से हटकर कार्रवाई होने से लोगों में असंतोष व्याप्त है। बताया गया है कि इस संबन्ध में शिव प्रताप सिंह चौहान एडीएम, टीकमगढ़ ने भी उचित कदम उठाए जाने का भरोसा दिया है।

# खेत की सिंचाई न करने को लेकर हुए विवाद में किसान की कुल्हाड़ी मारकर हत्या



ऋषि मिश्रा

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना जिले के अमानगंज थाना अन्तर्गत ग्राम सिरी में मोटर पंप से खेत की सिचाई न करने के मामले में हुए विवाद को लेकर लगभग आधा दर्जन लोगो ने किसान की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी गई। जानकारी के अनुसार ग्राम सिरी निवासी राजेन्द्र विश्वकर्मा पिता प्रकाश विश्वकर्मा उम्र 32 वर्ष का शव रात्रि में खेत के पास म्रत अवस्था मे मिला है, जिसकी सूचना परिवारजनो द्वारा पुलिस को दी गई है, पुलिस घटना स्थल पर पंहुची तथा राजेन्द्र विश्वकर्मा उम्र 32 वर्ष का शव बरामद कर पीएम के लिए अमानगंज स्वास्थ केन्द्र लाया गया है। जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि राजेन्द्र विश्वकर्मा तथा पड़ोसी चौधरी परिवार का खेत अगल बगल में है, जिसमें राजेन्द्र विश्वकर्मा द्वारा खेत मे सिचाई करने के लिए चौधरी परिवार से कहा गया था जिसमें एक बार सिचाई कर दी गई थी, तथा फिर से सिचाई होनी थी तो राजेन्द्र विश्वकर्मा द्वारा सिचाई करने के लिए फिर से कहा गया था लेकिन चौधरी परिवार द्वारा मना कर देने से विवाद हुआ, तथा घटना के कुछ दिन पूर्व पुलिस मे शिकायते भी दर्ज कराई गई थी, लेकिन वह विवाद चलता रहा, पन्द्रह फरवरी की रात्रि राजेन्द्र अपने खेत पर गया हुआ था, उसी दौरान फिर विवाद हुआ तथा आरोपी पक्ष कमता वाले चौधरी नें अपने लड़को के साथ मिलकर राजेन्द्र विश्वकर्मा की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी गई है। घटना स्थल पर थाना प्रभारी अमानगंज तथा पुलिस बल रात्रि में ही पंहुच गया था तथा शव को पीएम के लिए भेजा गया था, दूसरे दिन सुबह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती आरती सिंह तथा गुनौर एसडीओपी द्वारा भी घटना स्थल का दौरा किया, पुलिस ने उक्त मामले मे हत्या का मामला कायम कर लिया है तथा विवेचना की जा रहीं है। सुत्रो द्वारा बताया गया है कि कुछ आरोपीयो को भी पुलिस ने हिरासत मे ले लिया है।

# लापरवाह शिक्षकों पर की गई कार्यवाही

दयाशंकर दीक्षित

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/जिला पंचायत पन्ना के नवागत सीईओ उमराव सिंह मरावी ने जिले के सरकारी स्कूलों में मध्यान्ह भोजन वितरण की रिपोर्टिंग में घोर लापरवाही बरतने वाले 15 शिक्षकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सीईओ ने नोटिस में पूछा है क्यों न आपकी एक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी जाए? जिन शिक्षको पर कार्यवाही की गई है, उनमें कुमकुम शुक्ला प्राथमिक शिक्षक ठाकुरन खेड़ा, कैलाश कुमार कोरी प्राथमिक शाला पंचमपुर, रमेश पटेल प्राथमिक शाला मगरधहा, अशोक कुमार कोरी प्राथमिक शाला उडला, राम करण दहायत हरिजन बस्ती पवई, मूरत सिंह विद्यालय खोरा, दिनेश भूर्जी, अम्रतलाल, दिनेश कुमार, रामकिशन प्रजापति, जयराम प्रजापति, अशोक पटेल, लडकू प्रसाद अहिरवार, रामस्वरूप सिंह, रामदास अहिरवार आदि शामिल है।




# पन्ना छतरपुर रोड़ टोरिया टेक के पास पल्टा ट्रक घंटो लगा रहा जाम

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना छतरपुर रोड़ भैरव टैक घाटी मे आये दिन वाहन पलटने से जाम की स्थिती निर्मित होती है, जिससे आवा गवन भारी प्रभावित होता है, क्योकि घाटी के साईड सोल्डर न बनने के कारण सड़क के नीचे उतरते ही वाहन पलट जाता है तथा जाम की स्थिती निर्मित होती है, इसी प्रकार चन्द्र नगर टोरिया टेक के पास बड़ा ट्राला पलट गया, जिससे मुख्य मार्ग मे घंटो जाम लगा रहा क्रेन बुलाकर जब संबंधित वाहन को हटाया गया तब जाम खुला है। इस दौरान वाहनो के यात्री भारी परेशान रहें।



# सतना पन्ना रोड़ पर बुलेरो वाहन पलटी चार घायल

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना सतना रोड़ बहेरा के पास बुलेरो वाहन को अन्य वाहन द्वारा टक्कर मारी गई, जिसमें उक्त वाहन पलट गया तथा वाहन मे सवार लोग घायल हो गयें, उक्त लोग प्रयागराज से कुंभ स्नान करके लौट रहे थें, घटना की जानकारी पुलिस को मिलने पर घायलो को एक सौ आठ एम्बूलेंस के द्वारा पन्ना भेजा गया, घायल यात्री राजस्थान कोटा के रहने वाले है। घायलो में वन्दना शर्मा 28 वर्ष, अनुभव शर्मा 18 वर्ष, ओम प्रकाश शर्मा 30 वर्ष ममता शर्मा 27 वर्ष आदि घायल हुए है जिनका ईलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है।

# भगवान कृष्ण ने किया कंस का वध

## धूम धाम से संपन्न हुआ रूकमणि विवाह

पन्ना/जिला मुख्यालय पन्ना सतना बेरियल के पास महराज सिंह कालोनी में रहने वाले पत्रकार राकेश पान्डेय के घर पर संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा महापुराण चल रहीं है, जिसमें सातवे दिन महाराश कंस वध एवं रूकमणि विवाह की कथा संपन्न हुई, कथा वाचक अनिल अग्निहोत्री जी महरा द्वारा बड़े ही मार्मिक ढंग से कथा का वर्णन किया, उन्होने सबसे पहले भगवान कृष्ण द्वारा अत्याचारी कंस के वध की कथा को सुनाया तथा कहा कि जब जब इस प्रथ्वी पर अत्याचारी, पापाचारी जन्म लेते है तथा उनका पाप एवं आतंक बहुत अधिक बड़ जाता है तो भगवान को जन्म लेना पड़ता है, इसी लिए कंस का वध करने के लिए भगवान कृष्ण नें जन्म लिया तथा कंस का वध किया। तत्पश्चात् भगवान कृष्ण एवं रूकमणि के विवाह की कथा को बड़े ही मार्मिक ढंग से सुनाया विवाह के बाद पांव पूजन, सहित अनेक कार्यक्रमम संपन्न हुए, इस दौरान उपस्थित सभी श्रोता भावविभोर हो गयें, कथा श्रोता कन्हैया लाल तथा श्रीमती कस्तुरी पान्डेय है, सह श्रोता के रूप मे आदेश पान्डेय भी कथा का श्रवण कर रहें है। 17 फरवरी को सुदामा चरित्र एवं परीक्षित मोक्ष की कथा का वर्णन करते हुए कथा को विश्राम दिया जायेगा, तथा चारो धामो का हवन कार्यक्रम संपन्न होगा।

# कोचिंग संचालक रोहित द्विवेदी की सड़क दुर्घटना मे मौत

पन्ना/जिले के शाहनगर थाना अन्तर्गत कचोरी ग्राम निवासी रोहित द्विवेदी पिता हरिशचन्द्र द्विवेदी उम्र 30 वर्ष अपने साथी अभीषेक तिवारी के साथ मोटर साईकिल से वैवाहिक कार्यक्रम में रीवा जिले के सगरा जा रहे थें, उसी दौरान रीवा जिले के जरवाही दुबेही मोड़ के पास बुलेरो वाहन द्वारा टक्कर मार दी गई, जिसमें रोहित द्विवेदी की घटना स्थल पर मौत हो गई तथा अभीषेक तिवारी गंभीर रूप से घायल है, जिसका कटनी में ईलाज चल रहा है। ज्ञात हो कि रोहित द्विवेदी दीपक कोचिंग के नाम से कटनी मे कोचिंग सेन्टर चलाता था, बड़ा ही होनहार लड़का था, राहित की मृत्यु का समाचार मिलने पर पूरे क्षेत्र मे शोक का माहोल कायम हो गया।

# मैरिज हाल में समान को लेकर संचालक व शादी पक्ष में हुया विवाद

## लगातार बढ़ रही है गार्डन में मारपीट की घटनाये



स्वप्निल गुप्ता

परिहार गर्जना न्यूज। अजयगढ़–अजयगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम किशनपुर में संचालित एक्सिस पब्लिक मैरिज गार्डन में आधी रात को समान के लेनदेन को लेकर गार्डन संचालक और घरातियों के बीच हुई मारपीट में लगभग आधा दर्जन से अधिक लोगों के घायल होने का मामला सामने आया है। फरियादियों की सूचना पर पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।फरियादी सुभाष साहू पिता बल्लू साहू उम्र 35 साल निवासी ग्राम टिकुरहा थाना धरमपुर ने बताया कि मेरी भतीजी की शादी एक्सिस पब्लिक गार्डन किशनपुर अजयगढ़ से थी।जहाँ रात को करीबन 02.30 बजे मैने गार्डन संचालक से ओढने एवं बिछाने के लिये रजाई गद्दे मांगे तो वह गाली–गलौज करने लगा।चाचा के लड़के रामराज साहू उम्र 50 साल ने जब इसका विरोध किया तो उस पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया? जिससे रामराज साहू घायल हो गए इतने में संचालक के साथ कुछ लोग ओर भी आ गये जो रामराज साहू को पीटने लगे हल्ला सुनकर मैं एवं छोटे लाल साहू, सुरेंद्र साहू व कामता साहू बचाने दौड़े तो उन पर भी लाठी डंडों और चाकू से हमला कर दिया जिससे छोटे लाल साहू एवं अन्य के सिर कमर व पीठ में चोटें आई हैं। फरियादियों की शिकायत पर अजयगढ़ पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है एवं घायलों को अजयगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया है जहां इलाज चल रहा है।

# बसंत ऋतु की बहार,बेरी पर बेर आम पर मौर और टेशु पर आये लाल फूल

लीलाधर साहू

परिहार गर्जना न्यूज। गौरझामर। इस समय चारो ओर बसंत ऋतु की बहार ही बहार है खुशनुमा मौसम के मदमाते बासंती रंग मे रंगी पृथ्वी पर हरियाली ही हरियाली दृष्टि गोचर हो रही है खेतो मे खडी फसलो की हरियाली सभी को लुभा रही है इस समय बसंत ऋतु मे चार–चांद लगाने वाले टेशु के पेडो पर लाल लाल फूलो की बहार आम के पेडो पर आये बौर तथा लाल पीले बेरो से लदी बेरी के पेडो की छटा अदृभुत है खेतो मे खडी रवि फसले गबोट पर होने से वह भी लहलहाती बसंत के रंग मे रंग गई है जो देगते ही बन रही है प्रकृति का अदृभुत व अलौकिक नजारा अवर्णीय है प्रकृति के इस नयनाभिराम श्रृंगार का रस पान हर कोई करना चाहता है तभी तो पर्यटक भी इन अदृभुत नजारो को अपनी आंखों मे बसाने को सदैव आतुर रहते है इस समय कही भी बाहर निकलो बस बसंत ऋतु का ही खुमार है।



# विद्युत विभाग की कार्यवाही से विद्युत बिलों के बकायादारों में मचा हड़कंप

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। बम्होरी रेन्गवा वितरण केंद्र अंतर्गत 14820 उपभोक्ता हैं जिनमे 11628 नं. के घरेलू उपभोक्ताओ पर राशि रू. 302.83 लाख (वर्तमान माह में जारी देयक सहित), 1146 नं. गैर घरेलू उपभोक्ताओ पर राशि रू. 106.76 लाख, 223 नं. औद्योगिक उपभोक्ताओ पर राशि रू. 38.34 लाख एवं 1774 नं. कृषि उपभोक्ताओं पर राशि रू. 10.28 लाख के बिजली बिल की राशि बकाया है। मार्च क्लोजिंग होने की स्थिति में विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता श्री डी. एन. चौकीकर एवं कार्यपालन अभियंता श्री प्रशांत सिंह के मार्गदर्शन में उपसंभाग सागर प्रभारी एवं बम्होरी वितरण केंद्र प्रभारी द्वारा टीम गठित कर इस सप्ताह 133 उपभोक्ता जिन पर बिजली बिल की राशि रू. 19.36 लाख बकाया है उनके कनेक्शन काटे गये एवं अवैध रूप से चल रहे 19 नग ईंट भट्टो पर कार्यवाही करते हुये पंचनामा प्रकरण तैयार किये हैं। इसी प्रकार भापेल वितरण केंद्र में भी वसूली अभियान के तहत 45 नं. उपभोक्ताओ की लाइन काटी गई एवं 04 नग ट्रांसफार्मर राशि बकाया होने के कारण बंद कर दिए गये हैं, जिससे मौके पर ही उपभोक्ताओ द्वारा 63000 की राशि जमा की गई है। सघन चेकिंग अभियान एवं कनेक्शन विच्छेदन की कार्यवाही के चलते विद्युत उपभोक्ताओ जिनकी बिजली बिलों की राशि बकाया है, उनमें हड़कंप मचा हुआ है। विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ताओं से विनम्र अपील की जा रही कि जो भी विद्युत बिल की राशि बकाया है उसे तुरंत जमा करावें एवं विद्युत सप्लाई बंद होने की असुविधा से बचें।

# जल जीवन मिशन की समीक्षा संपन्न, दिए गए अहम दशा निर्देश

राजकुमार दुबे

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 16 फरवरी। मध्य प्रदेश जल निगम के मुख्य महाप्रबंधक सागर जोन अजय दिवाकर ने दमोह जिले में जल जीवन मिशन के कार्यो की समीक्षा सह प्रशिक्षण बैठक ली। उन्होंने प्रगतिरत योजनाओं को समय पर पूर्ण करने के साथ गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए काम करने के निर्देश दिए। जिन योजना में पेयजल प्रदाय किया जा रहा है वहाँ की समितियों को योजना संचालन एवं प्रबंधन के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए, जिससे गर्मियों के दिनों में दमोह जिले में पानी की परेशानी ना हो।



बैठक में समस्त ग्रामों में परियोजना अंतर्गत नियुक्त किए गए इंजीनियर और ठेकेदारों को प्रतिदिन गुणवत्ता युक्त जल प्रदान करने की बात कही गई। उन्होंने कहा सभी लोग पूर्ण ईमानदारी और लगन से कार्य करें। जिन ग्रामों में नियमित जल प्रदाय किया जा रहा है, उन ग्रामों से राजस्व एकत्रीकरण किया जाये जिससे जल प्रभार की राशि का भुगतान एवं ग्राम में नियुक्त किए गए ऑपरेटर का वेतन दिया जा सके, उसके लिए ग्राम जल स्वच्छता एवं पदार्थ समिति को प्रेरित किया जाए। मीटिंग में छिंदवाड़ा जिले की मोहखेड़ परियोजना का उदहारण दिया गया जहां शत प्रतिशत जल कर एकत्रीकरण होता है।

बैठक में मध्य प्रदेश जल निगम दमोह से महाप्रबंधक गौरव सराफ, प्रबंधक शशांक तिवारी, पी आई यू ,एस क्यू सी एवं टी पी आई ए, सभी टीम लीडर एवं इंजीनियरों की उपस्थिति रहीं।

# राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाई



परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 16 फरवरी। प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने परिवार सहित महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाई। उन्होंने कहा महाकुंभ भारतीय संस्कृति की एकता, करोड़ों लोगों की आस्था और आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक है।

आज परिवार सहित प्रयागराज महाकुंभ 2025 में पहुंचकर पवित्र त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई और पूजा अर्चना कर सभी के लिए सुख, समृद्धि की प्रार्थना की।

# समयमान वेतन मान न मिलने से उच्च माध्यमिक शिक्षक निराश

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह - विगत कई महीने पहले उच्च माध्यमिक शिक्षकों को प्रथम व द्वितीय समय मान वेतनमान प्रदान करने के डीपीआई द्वारा आदेश जारी किए जाने के बावजूद भी जिले के उच्च माध्यमिक शिक्षक समय मान वेतन मान से वंचित हैं 1998 में नियुक्त उच्च माध्यमिक शिक्षकों को वर्ष 2018 से द्वितीय वेतनमान प्राप्त होना है शासन द्वारा इसके विधिवत आदेश भी जारी कर दिए गए हैं व अनेक जिलों में संबंधित संभाग के संयुक्त संचालक लोक शिक्षण द्वारा समय मान वेतन मान के आदेश भी जारी किए जा चुके हैं लेकिन सागर संभाग में अभी तक एक भी जिले के आदेश जारी नहीं किए गए उच्च माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष मोहन राय ने बताया है कि अनेक बार इस संदर्भ में जिला एवं संभाग स्तर पर वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में भी लाया गया है इसके बावजूद समय मान वेतनमान प्राप्त होने में विलंब होना समझ से परे है जब भी शिक्षकों के ऊपर कार्यवाही या कोई नकारात्मक आदेश आता है तो उसका पालन होने में घंटे का भी विलंब नहीं होता लेकिन जब हित की बात आती है तो शिक्षकों को महीनों और सालों कार्यालयों के चक्कर लगाना पड़ते हैं यदि आदेश शीघ्र जारी नहीं किए जाते हैं तो उच्च माध्यमिक शिक्षकों को आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

# जटाशंकर पार्क के पास लगाया गया 11 वां जैविक/प्राकृतिक खेती उत्पाद हाट बाजार

**-13 किसानों द्वारा अपने जैविक प्राकृतिक खेती से उत्पादित उत्पाद विक्रय हेतु लाए गए**
**-लगभग 250 से अधिक क्रेतागण पहुँचे जैविक उत्पाद खरीदने**
**-लगभग 25 हजार से अधिक राशि की कृषकों की हुई बिक्री**
**-11 वे हाट बाजार तक लगभग 3 लाख 20 हजार से अधिक के जैविक उत्पादों का कृषकों द्वारा किया जा चुका है विक्रय**

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 16 फरवरी। दमोह जिले के जन प्रतिनिधियों एवं किसान संगठनों की मांग पर जिला प्रशासन द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार 11 वां जैविक/प्राकृतिक खेती उत्पाद हाट-बाजार दिनाँक 16 फरवरी 2025 दिन रविवार को भी विगत रविवारों की भांति प्रातः 10 बजे से शाम 04 बजे तक जटाशंकर पार्क के पास जैविक/प्राकृतिक खेती से उत्पादित हानिकारक रसायन रहित उत्पाद क्रय-विक्रय हेतु हाट-बाजार लगाया गया। जिसमें 13 कृषको द्वारा विभिन्न 30 प्रकार से अधिक जैविक उत्पाद उनमें कोदों, कुटकी, रागी, काला गेहूँ, सोना मोंती गेहूँ का आटा, बेसन, ज्वार, मक्का, बाजरा से बने उत्पाद आटा, दलिया, रागी के लड्डू, बिस्किट, मोटे अनाज का आटा, तिल के लड्डू, मूगफली के लड्डू, मूगफली की चिक्की, मूँग की दाल, उडद की दाल, चना की दाल, अरहर की दाल, मल्टी ग्रेन आटा, मौसमी हरी सब्जियों में पालक की भाजी, चने की भाजी, मैंथी की भाजी, बथुआ की भाजी, बैंगन, आलू, टमाटर, सूरन, हरी मटर, हरी धनियां, हरी मिर्च, लौकी, आंवले की चटनी, अदरक का मुरब्बा, मसरूम, मसरूम पाऊडर, मैसमी फलो में अमरूद, आंवला, पपीता, नीबू, देशी गाय का घी आदि अनेक उत्पाद विक्रय हेतु लाए गए। इस हाट बाजार में सिंगल यूज पॉलीथिन प्रतिबंधित रहीं। इस हटा-बाजार में लगभग 250 से अधिक क्रेतागणों ने उत्पाद खरीदे। आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूह द्वारा कपड़े के थैले विक्रय के लिए एक स्टॉल लगाया गया। विक्रेता कृषकों एवं क्रेताओं में काफी उत्साह देखने को मिला।



ज्ञात हो जैविक/प्राकृतिक कृषि उत्पाद वे उत्पाद हैं जो रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों और हानिकारक रसायनों का उपयोग किए बिना उगाए जाते हैं। इन उत्पादों को उगाने में जैविक खाद, हरी खाद, प्राकृतिक कीटनाशक और परंपरागत खेती के तरीकों तथा प्राकृतिक खेती में गाय के गोबर और गौमूत्र से तैयार जीवामृत, घन जीवामृत, बीजामृत, दशपर्णी अर्क, ब्रम्हास्त्र, नीमास्त्र आदि का उपयोग किया जाता है।

जैविक एवं प्राकृतिक खेती से पर्यावरण, मिट्टी की उर्वरता और मानव स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद मानी जाती है।

***जैविक/प्राकृतिक खेती के उत्पादों के फायदे***

स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित, पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचाते। मिट्टी की उर्वरता बनाए रखते हैं। लंबे समय तक टिकाऊ और प्राकतिक। अगले रविवार को भी निर्धारित समय एवं स्थल पर जैविक/प्राकृतिक खेती उत्पाद हाट-बाजार लगाया जाएगा।

# साप्ताहिक स्वच्छता अभियान के 34वे सप्ताह अंतर्गत गायत्री गेट वार्ड क्रमांक 08 में स्वच्छता हेतु किया गया श्रमदान



परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 16 फरवरी। सामाजिक एवं स्वैच्छिक संस्थाओं के सहयोग से चलने वाले साप्ताहिक स्वच्छता अभियान 34वे सप्ताह के अंतर्गत गायत्री गेट वार्ड क्रमांक 08 में स्वच्छता हेतु श्रमदान किया गया। उक्त स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम में सामाजिक संगठन/विभिन्न क्षेत्र में कार्यरत सामाजिक कार्यकर्ता, वार्ड वासियों ने सहभागिता निभाई। इस दौरान अपने आसपास स्वच्छता रखने की शपथ दिलाई गई।

टंडन बगीचा वार्ड के निवासी सुधीर असाटी ने कहा लगातार 34 हफ्ते से साफ सफाई का कार्यक्रम चल रहा है, जिसमें लोग बढ़-चढ़ के भाग ले रहे हैं। यह अभियान सांकेतिक रूप से चलाया जा रहा है, यह जागरूकता फैलाने के लिए एक कदम है। उन्होंने सभी से आग्रह करते हुए कहा आगे के कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता निभाएं। भूपेंद्र तिवारी ने कहा आज प्रशासन के मार्गदर्शन में गायत्री परिवार एवं अन्य सामाजिक संगठनों द्वारा गायत्री शक्तिपीठ के पीछे स्वच्छता अभियान चलाया गया। गायत्री शक्तिपीठ के युवा प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता प्रखर देवगन ने कहा आज टंडन बगीचा में गायत्री शक्तिपीठ के पीछे सफाई अभियान चलाया गया। उन्होंने सभी से आग्रह किया इसमें अपना सहयोग करें।

एमएसडब्ल्यू के छात्र अक्षय दुबे ने कहा आज सफाई अभियान गायत्री शक्तिपीठ में चलाया गया, जिसमें सभी ने अपनी भागीदारी निभाई है। सभी से आग्रह है की सफाई का ध्यान रखें। गायत्री परिवार की सदस्य संस्कृति राठौर ने कहा गायत्री परिवार के द्वारा हर क्षेत्र में कार्य किया जाता है। इसी क्रम में आज स्वच्छता के प्रति वार्ड में सफाई की गई है। इसी प्रकार वार्ड के ही अन्य नागरिकों ने भी सफाई अभियान से संबंधित अपने विचार व्यक्त किए।

# जिले में सफेद बटन मशरूम का हो रहा है उत्पादन

दमोह 16 फरवरी। युनाइटेड वे ऑफ़ मुंबई द्वारा संचालित जल संजीवनी परियोजना 2.0 पटेरा कि सोजना, इटवा हीरालाल, पढ़री उदयभान, लुहर्रा, रामपुर, कुड़ई, बिछुआ, शिकारपुरा- पिपरिया, बरखेरा बैंस, सुजानपुरा दान पंचायतो के 11 ग्रामों में जल एवं मृदा संरक्षण, कृषि उत्पादकता, आजीविका उन्नयन एवं क्षमता निर्माण का कार्य कर रही है। जिसमें जैविक कृषि आधारित सफेद बटन मशरुम को उगवाकर एक उपलब्धि प्राप्त की। इस सम्बंध में परियोजना संचालक आत्मा जे.एल. प्रजापति ने बताया जीतू पटेल असिस्टेंट टीम लीडर जल संजीवनी परियोजना 2.0 ने परियोजना की निगरानी में किसान द्वारा उत्पादित सफेद बटन मशरुम कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर को भेंट किया। इस अवसर पर उपसंचालक कृषि श्री जितेंद्र राजपूत सहित किसान संगठन के पदाधिकारीगण मौजूद रहे।



# रायफल क्लब मथुरा आयोजित शूटिंग कॉम्पटीशन में पत्रकारों ने जीते गोल्ड और सिल्वर मेडल, मथुरा का नाम रोशन





**आलोक तिवारी**

परिहार गर्जना न्यूज मथुराद्व राइफल क्लब मथुरा द्वारा आयोजित हुए तीन दिवसीय शूटिंग कॉम्पटीशन में पूरे देश से आए लगभग 300 शूटरों ने भाग लिया। और अपनी कला की प्रदर्शनी की । जिसमें मथुरा के पत्रकार भी पीछे नहीं रहे। मथुरा से पत्रकार बी.एल पांडेय और शिव शंकर शर्मा ने एयर पिस्टल शूटिंग कॉम्पटीशन में सहभागिता की और मथुरा का नाम रोशन करते हुए एयर पिस्टल शूटिंग कॉम्पटीशन में बी.एल पांडेय द्वारा गोल्ड मेडल तो वही शिव शंकर शर्मा द्वारा सिल्वर मेडल अपने नाम किया। सुरेंद्र कुमार अपर जिलाधिकारी न्यायिक,राकेश कुमार नगर मजिस्ट्रेट,श्रीमती प्राजक्ता त्रिपाठी उपजिलाधिकारी और सीओ क्राइम अनिल कपरवान ने दोनों पत्रकारों को मेडल पहनाकर शुभकामनाएं दी। वहीं मीडिया से बात करते हुए बी.एल पांडेय ने बताया कि संकल्प शूटिंग एकेडमी आगरा के संचालक और कोच विक्रांत सिंह तोमर द्वारा हमे प्रशिक्षण दिया गया।और आज उन्हीं के प्रशिक्षण के कारण हम गोल्ड और सिल्वर जीत पाए है। वहीं उन्होंने बताया कि मथुरा जगत के पत्रकार साथियों के स्नेह और प्यार के कारण ही हम आज इस मुकाम को हासिल कर पाए है। और अगर ऐसे ही हमें हमारे कोच और पत्रकार साथियों का स्नेह मिलता रहा तो जल्द नेशनल में भी मेडल जीत कर मथुरा जिले का नाम रोशन करेंगे।

# भाजपा ने की व्यापारी संगोष्ठी



परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा भाजपा महानगर द्वारा केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार केंद्रीय बजट के निम्मित व्यापारी संगोष्ठी एवँ प्रेस वार्ता का आयोजन स्थानीय होटल शीतल रीजेंसी किया गया। सर्वप्रथम संगोष्ठी का शुभारंभ राष्ट्रीय अध्यक्ष किसान मोर्चा राजकुमार चाहर जी ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

राजकुमार जी ने व्यापारियो बंधुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के विकास और विकसित भारत की दिशा व्यापारी ही तय करते हैं और ये बजट व्यापारियो को व्यापार बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा।उन्होंने बताया कि मोदीजी के विजन को पूरा करने में ये बजट महत्वपूर्ण कड़ी है । उन्होंने कहा कि बजट में 12 लाख की आय पर छूट देकर सरकार ने देश के मध्यमवर्गीय परिवारों व व्यापारियों को बड़ी राहत प्रदान की है। विधायक श्रीकांत शर्मा जी ने बताया कि ये बजट हर वर्ग के व्यापारियों के लिए उपयोगी है इस बजट के माध्यम से छोटा व्यापारी भी सम्मानजनक रूप से सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर व्यापार कर सकता हैं।जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने मुख्य अतिथि का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

जिला अध्यक्ष घनश्याम लोधी जी ने बताया की बजट में व्यापारियो को टैक्स छूट,सरलीकरण और नए व्यापारियों को लोन की व्यवस्था की गई है। जिससे व्यापार में पंख लगेंगे। आज संपूर्ण देश के व्यापारियों ने एक मत से माना है कि मोदी सरकार व्यापार को बढ़ाने में हर संभव सहयोग कर रही है। कार्यक्रम संयोजक प्रदीप गोस्वामी जी ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से व्यापारियो को जानकारी और उनके सुझाव एकत्र किये गए हैं,और उनके प्रश्नों को हल किया गया हैं। जिला मीडिया प्रभारी नवीन चौधरी एडवोकेट ने कहा व्यापारी की कोई पार्टी है बो भाजपा हे जो व्यापारी के हित की सोचती हे अब भी जो बजट आया हे बो व्यापारी के हित को सोचते हुए आया हे। श्याम सिंघल एवँ पंकज शर्मा ने सभी व्यापारियों और पत्रकारों का आभार व्यक्त किया।अतिथी के रूप में रविकांत गर्ग जी,मधु शर्मा उपस्थित रहे। संगोष्ठी में सुनील चतुर्वेदी,चंद्रपाल कुंतल,संजय शर्मा,कमला प्रसाद जी,राजेश गुप्ता,राजवीर सिंह,नीरज वशिष्ठ,अवधेश उपाध्याय,नितिन कौशिक,जितेंद्र रोनू,लोकेश निषाद,राजू चौधरी,यशराज चतुर्वेदी,सुरेंद्र प्रधान,यतेंद्र फौजदार,प्रणय पाराशर,कुंज बिहारी जी,अनुराग चतुर्वेदी,प्रिंस गौड़,निखिल गर्ग,प्रशांत चतुर्वेदी,अंकित सक्सेना आदि उपस्थित रहे। महानगर के वरिष्ठ व्यापारी अजय गोयल,अमित जैन,राजेन्द्र पटेल,अनिल गर्ग,साकेत अग्रवाल,चिराग अग्रवाल,सोनू हाथी आदि ने संगोष्ठी में सहभागिता की। मीडिया प्रभारी नवीन चौधरी ने कार्यक्रम की जानकारी पत्रकारों को उपलब्ध करायी।

# भाजपा के प्रत्येक मोर्चा मंडल के पदाधिकारी,कार्यकर्ता इस ऐतिहासिक स्वागत के साक्षी बनेंगे- निर्मला सप्रे

## नवनियुक्त जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी का होगा ऐतिहासिक स्वागत - विधायक निर्मला सप्रे



परिहार गर्जना न्यूज। बीना।आगामी 19 फरवरी बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी का प्रथम बीना नगर आगमन होने जा रहा है। प्रथम नगर आगमन पर उनके स्वागत की ऐतिहासिक तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विधायक निर्मला सप्रे एवं निवृतमान जिलाध्यक्ष गौरव सीरोठिया सहित पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता व मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक में विधायक निर्मला सप्रे ने कहा कि हमारे नवनियुक्त जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी के प्रथम नगर आगमन पर उनका स्वागत ऐतिहासिक होना चाहिए। विधायक ने स्वयं पूरे कार्यक्रम की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि भाजपा के प्रत्येक मोर्चा मंडल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता इस ऐतिहासिक स्वागत के साक्षी बनेंगे। निवृतमान जिलाध्यक्ष गौरव सीरोठिया खुद नवनियुक्त जिलाध्यक्ष के स्वागत की तैयारियों को लेकर मोर्चा संभाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे नए जिलाध्यक्ष ऊर्जा से भरे हुए हैं और बीना में उनका स्वागत भव्य तरीके से होना चाहिए। भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी 19 फरवरी को बीना आएंगे जहां निर्तला, बारधा, ढुरुआ, ओवरब्रिज, सर्वोदय चौराहा, नगरपालिका, कॉलेज तिराहा, गांधी तिराहा आदि सहित दर्जनों स्थानों पर भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष संजय ठाकुर सहित मंडीबामोरा, भानगढ़ एवं खिमलासा मंडलों द्वारा स्वागत किया जाएगा। इसके अलावा प्रदेश कार्यकारणी सदस्य शशि कैथोरिया, नगरपालिका अध्यक्ष लता सकवार सहित कई स्थानीय बड़े नेता एवं पूर्व जनप्रतिनिधि श्याम तिवारी का स्वागत करेंगे। स्थानीय सिद्धिविनायक होटल में कार्यकर्ता सम्मेलन एवं आजीवन सहयोग निधि की बैठक संपन्न की जाएगी। जिसमें जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। विधायक निर्मला सप्रे के निवास एवं कार्यालय पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का धूमधाम के साथ स्वागत किया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी रात्रि विश्राम बीना में ही करेंगे जहां से वे स्थानीय वरिष्ठ नेताओं के निवास पर भी पहुंचेंगे और उनसे पार्टी संगठन को लेकर चर्चाएं करेंगे। बैठक में बड़ी संख्या में भाजपा के नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विधायक निर्मला सप्रे ने सामुदायिक भवन को बड़ा बनाने व कामउद्यान के लिए 15 लाख रुपए की राशि अनुदान के रूप में देने की घोषणा की

## संत गुरु शिरोमणि रविदास महाराज जी की 648 भी जयंती बड़े धूम धाम से मनाया

परिहार गर्जना न्यूज। बीना– रविवार को अहिरवार समाज संघ भारत शाखा बीना एवं ऐसी एससी एसटी ओबीसी के संयुक्त तत्वाधान में संत गुरु शिरोमणि रविदास महाराज जी की 648 भी जयंती के अवसर पर डॉक्टर अंबेडकर चौराहा पर सभी ने बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर की मूर्ति पर हिमालय अर्पण कर तरह से वाहन रैली निकालकर सर्वोदय चौराहा गांधी चौराहा महावीर चौक कच्चा रोड थाने के पीछे से होकर ओवर ब्रिज से कार्यक्रम स्थल मॉडल स्कूल के पास ग्राम हिरंचपा सामुदायिक भवन रैली को समापन कर अनावरण मंच के कार्यक्रम अहिरवार समाज संघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ जगदीश सूर्यवंशी की अध्यक्षता में जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई जयंती के शुभ अवसर पर बीना विधानसभा की विधायक एडवोकेट निर्मला सप्रे मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथि शिव के सचान एडवोकेट रोशन कुर्मी सागर रत्न यादव क्रांति अध्यक्ष एमएल वर्मा पूर्व डीएसपी संतोष ठाकुर नौगांव एडवोकेट शिवचरण मेशन एडवोकेट रतिराम पटेल एडवोकेट गोविंद कुशवाहा, सुरेन्द्र लोधी, भवानी पटेल,जगत सिंह यादव ओबीसी महासभा जिला अध्यक्ष राधेश्याम पटेल खुशी लाल अहिरवार जनकल्याण संत रविदास समिति अध्यक्ष एमएल अहिरवार डॉ देवेंद्र सूर्यवंशी संभागीय सचिव आरपी रोहित अरविंद पटेल ब्लॉक अध्यक्ष सुखलाल अहिरवार बाबूजी नगर अध्यक्ष दयाराम मिशन कार्यवाहक अध्यक्ष रोशन लाल अहिरवार नगर सचिव आरके राज ग्रामीण अध्यक्ष आसाराम अहिरवार युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष वीरेंद्र राजोरिया ग्रामीण अध्यक्ष रामसेवक अहिरवार मंडी बामोरा अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद अहिरवार हेमराज अहिरवार शामिल रहे कार्यक्रम के दौरान विधायक एडवोकेट निर्मला सप्रे ने अपने उद्बोधन में संत रविदास जी की वाणी को सुना और उनके बताए हुए रास्ते पर चलने एवं विधायक ने सामुदायिक भवन को बड़ा बनाने व कामउद्यान के लिए 15 लाख रुपए की राशि अनुदान के रूप में देने की घोषणा की तथा अधिकृत में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर जगदीश सूर्यवंशी जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि संत रविदास जी को जूता बनाने को समाज बोलती है किंतु यदि वह जूते बनाते होते तो चित्तौड़गढ़ की रानी मीरा उनके शिष्य नहीं बनती उन्होंने कुरीतियों व अंधविश्वास को लगाम लगाने बंद करने तथा समाज को शिक्षित बने आत्मविश्वास से कार्य करने तथा उन्होंने कृतियों को बंद करने के लिए कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों को शपथ दिलवाई जयंती में सैकड़ो की संख्या में माता बहने बच्चे बुजुर्ग समाज बंधु शामिल हुई।



# बुंदेली उत्सव के दूसरे दिन हुए चौपड़, कबड्डी और खो-खो के रोमांचक मुकाबले

## बसारी के राव बहादुर सिंह स्टेडियम में चल रहा 6 दिवसीय कार्यक्रम









छतरपुर। बुंदेली विकास संस्थान द्वारा हर वर्ष आयोजित किए जाने वाले बुंदेली उत्सव के 26वें संस्करण के दूसरे दिन बसारी के राव बहादुर सिंह स्टेडियम में चौपड़, कबड्डी और खो-खो प्रतियोगिता के रोमांचक लीग मैच खेले हुए। द्वितीय दिवस प्रतियोगिताओं का शुभारंभ बुंदेली विकास संस्थान के अध्यक्ष आदित्य शंकर बुंदेला, देवेंद्र प्रताप सिंह दिल्लू राजा, भारत कृष्ण देव सिंह और नेहरू युवा केंद्र के निदेशक अरविंद सिंह यादव के द्वारा किया गया। दोपहर बाद टपरा टॉकीज में बुंदेली सिनेमा का प्रदर्शन भी हुआ। प्रतियोगिताओं का आनंद लेने के लिए बुंदेली विकास संस्थान के संरक्षक तथा पूर्व विधायक शंकर प्रताप सिंह मुन्ना राजा भी स्टेडियम में उपस्थित रहे।

आयोजन समिति से प्राप्त जानकारी के मुताबिक बुंदेली उत्सव के दूसरे दिन सर्वप्रथम बसारी, मातगुवां और पीएमश्री बसारी, तीन टीमों के बीच खो-खो के रोमांचक मुकाबले हुए। इन मुकाबलों में बसारी की दोनों टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके अलावा चौपड़ प्रतियोगिता का पहला लीग मुकाबला अरविंद चौधरी, अशोक सोनी ऊजरा और मुन्ना, हल्के छतरपुर के बीच हुआ, जिसमें अरविंद और अशोक विजेता रहे। दूसरा लीग मुकाबला रामबाबू, रामजी ताम्रकार और संतोष शुक्ला, कपिल अग्रवाल छतरपुर के बीच हुआ, जिसमें संतोष शुक्ला, कपिल अग्रवाल ने जीत हासिल की। चौपड़ का पहला क्वार्टर फाइनल मुकाबला गोविंद सिंह दौरिया, बशीर खान और बद्री प्रसाद ताम्रकार, महेंद्र ताम्रकार के बीच हुआ, जिसमें गोविंद सिंह और बशीर विजेता रहे। दूसरा क्वार्टर फाइनल बलवंत सिंह बरेठी, वृंदावन यादव और शत्रुघ्न सिंह, धर्मेंद्र खरे बसारी के बीच हुआ, जिसमें शत्रुघ्न सिंह, धर्मेंद्र खरे ने जीत हासिल की। क्षेत्र के बच्चों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए आयोजन स्थल पर गोला फेंक, बेटियों की दौड़ और रस्साकशी भी हुई।

***इस तरह हुए कबड्डी के लीग मुकाबले***

कबड्डी के लीग मुकाबलों में दूसरे दिन का पहला मुकाबला खुड़न और ग्वालियर के बीच में हुआ, जिसमें ग्वालियर विजेता रही। दूसरा मुकाबला बसारी और नबादा के बीच हुआ जिसमें बसारी न जीत हासिल की। तीसरे मुकाबले में उज्जैन ने विक्रम स्पोर्ट्स इंदौर को परास्त किया, चौथे मुकाबले में संस्था वैष्णवी इंदौर ने नौगांव को हराया, पांचवें मुकाबले में उज्जैन ने हतना को हराया, छठवां मुकाबला संस्था वैष्णवी इंदौर ने ग्वालियर को हराया। सातवां मैच विक्रम स्पोर्ट्स इंदौर और हतना के बीच था, जिसमें विक्रम स्पोर्ट्स इंदौर विजेता रही। रीवा और बिलहरी के बीच हुए आठवें मुकाबले में रीवा विजेता रही, जबकि विक्रम स्पोर्ट्स इंदौर और बसारी के बीच हुआ नौवां मुकाबला इंदौर के नाम रहा। दसवां और अंतिम मुकाबला खुड़न और संस्था वैष्णवी इंदौर के बीच हुआ जिसमें इंदौर विजेता रही। कबड्डी मुकाबलों में बतौर निर्णायक पीडी पटेल छतरपुर, निरपत सिंह नौगांव, राजेश गौंड़ इंदौर, राजपाल सिंह बरेठी, उमेश यादव खुड़न, देवेंद्र राठौर, दीपक यादव और पुष्पेन्द्र यादव बसारी ने सहयोग किया।

***खो-खो, कबड्डी के फाइनल और रस्साकशी प्रतियोगिता आज***

बुंदेली उत्सव के तीसरे दिन यानि की आज कबड्डी एवं खो-खो प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले होंगे। इसके साथ ही आज रस्साकशी प्रतियोगिता भी होगी। गौरतलब है कि बुंदेली उत्सव में आयोजित होने वाली यह प्रतियोगिता सबसे ज्यादा आकर्षण का केन्द्र रहती है। इस प्रतियोगिता में गांव की महिलाएं घूंघट डालकर जोर आजमाइश करती नजर आती हैं। वहीं पुरुषों की प्रतियोगिता भी देखने लायक होती है। बुंदेली विकास संस्थान के संरक्षक तथा पूर्व विधायक शंकर प्रताप सिंह मुन्ना राजा के मार्गदर्शन में उक्त 6 दिवसीय बुंदेली उत्सव 20 फरवरी तक चलेगा, जिसमें बुंदेली खेल स्पार्धाएं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी।

# जनपद पंचायत राजनगर के इतिहास में पहली बार एक साथ हुए 200 कन्याओं के विवाह

## राजनगर विधायक अरविंद पटैरिया हुए शामिल




**तुलसीदास सोनी**

परिहार गर्जना न्यूज। खजुराहो। जनपद पंचायत राजनगर द्वारा रविवार 16 फरवरी 2025 को खजुराहो के टूरिस्ट विलेज मैरिज गार्डन में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया,उक्त कार्यक्रम में राजनगर विधायक अरविंद पटेरिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और उन्होंने सभी वर,वधुओं को आशीर्वाद दिया साथ ही प्रत्येक दुल्हन को एक एक साड़ी उपहार स्वरूप भेंट की,इस मौके पर विधायक अरविंद पटेरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा सरकार समाज के सभी वर्गों के हितों की चिंता करती है,गरीब बहन बेटियों के विवाह संस्कार उनकी सरकार जिम्मेवारी से कर रही है,जिससे लड़की की मां बाप उसे बोझ न समझें,इस विवाह आयोजन को हमने गरिमापूर्ण बनाया जिससे इसे औपचारिक न समझा जाए,उनकी सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम समाज के अंतिम पात्र हितग्राही को लाभ दिलाने कृत संकल्प है।

जनपद पंचायत के सीईओ राकेश कुमार शुक्ला ने बताया कि इस आयोजन में लगभग 200 बेटियों के विवाह संपन्न हुए हैं,जिन्हें सभी धार्मिक रीति रिवाज के साथ संपन्न कराया गया साथ ही वर और वधु के सभी रिश्तेदार तथा परिजनों को स्वरुचि भोज भी दिया गया,उक्त आयोजन में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत सभी नव वधुओं को 49-49 हजार रुपए के सौंपे बैंकर्स चेक दिए गए,इसके पूर्व आयोजन में एक साथ 10 - 10 दूल्हों की घोड़ी पर भव्य बारात निकाली गई जिसमें वर के परिजनों के साथ जनपद पंचायत परिवार के लोग बाराती बने और आतिशबाजी के साथ बैंड बाजे तथा डी.जे.की धुन पर नाचते हुए विवाह स्थल पहुंचे,इस अवसर पर राजनगर SDM प्रशांत अग्रवाल,खजुराहो टी.आई.अरविन्द सिंह दांगी,जनपद अध्यक्ष प्रेम बाई कुशवाहा,उपाध्यक्ष पुष्पेन्द्र अवस्थी,मुकेश पाण्डे,खजुराहो नप अध्यक्ष अरुण पप्पू अवस्थी,खजुराहो भाजपा मंडल अध्यक्ष गौरव सिंह बघेल,कमलेश पटेल,शशिकांत अग्निहोत्री,गौरव अग्रवाल,लोकपाल सिंह,श्याम बाबू त्रिवेदी,आशाराम पाल,मनीराम कुशवाहा,बृजेन्द्र तिवारी सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे, कार्यक्रम का संचालन सचिव संजय मिश्रा ने किया। जनपद पंचायत राजनगर का अभी तक का सबसे बड़ा आयोजन रहा,जिसमें जनप्रतिनिधियों सहित एक साथ लगभग 12 हजार से ऊपर लोगों की उपस्थिति मौजूद रही।

# जिलेभर में चली कॉबिंग गश्त, 190 से अधिक आरोप गिरफ्तार

छतरपुर। बीती रात छतरपुर पुलिस द्वारा जिले भर में की गई कॉम्बिंग गश्त की कार्रवाई में सघन चैकिंग करते हुए 442 गुंडा-लिस्टेड बदमाशों, निगरानी बदमाशों की जांच की गई, साथ ही 45 इनामी स्थाई वारंटी, 61 गिरफ्तार वारंटी, अवैध हथियार सहित 10 आरोपी, जुआ-सट्टा के 13 आरोपी, अवैध शराब के मामलों में 51 आरोपियों सहित 190 से अधिक आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। कॉम्बिंग गश्त में पुलिस अधीक्षक अगम जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह के अलावा जिले के सभी अनुविभागीय पुलिस अधिकारी, थाना एवं चौकी प्रभारी सहित तीन सैकड़ा से पुलिसकर्मी शामिल रहे।



पुलिस विभाग से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक कोतवाली थाना क्षेत्र में भिन्न भिन्न प्रकरणों के 16, थाना सिविल लाइन में 8 सहित जिले में 45 इनामी स्थाई वारंटी गिरफ्तार किए गए, थाना कोतवाली में 10 गिरफ्तारी वारंटी सहित जिले में 61 गिरफ्तार वारंटी, 5 वांछित अपराधी गिरफ्तार किए गए हैं। अवैध शराब के मामलों में लवकुशनगर थाना क्षेत्र में 4, सिविल लाइन थाना छतरपुर, थाना नौगांव, भगवां और ईशानगर में तीन-तीन, थाना कोतवाली, अलीपुरा, हरपालपुर, बमनौरा, गुलगंज, गौरिहार में दो-दो सहित कुल 51 आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। थाना कोतवाली में 2, थाना लवकुश नगर में 2, थाना सिविल लाइन हरपालपुर, गढ़ी मलहरा, बड़ामलहरा, राजनगर, जुझार नगर में अवैध देशी कट्टा एवं धारदार हथियार सहित 10 आरोपी पकड़े गए। थाना सरवई में जुए के दो फड़, ओरछा रोड थाना क्षेत्र में हुए के एक फड़, भगवां थाना क्षेत्र में सट्टा खिलाने वाले आरोपी सहित कुल 13 आरोपी गिरफ्तार किए गए। 442 गुंडा एवं निगरानी बदमाशों, जेल रिहाई और जिला बदर किए गए 35 आरोपियों की जांच की गई। कॉम्बिंग गस्त के दौरान संपूर्ण जिले में कुल 255 समन और 160 जमानती वारंट तामील किए गए। 428 आरोपियों के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी की गई है। कार्रवाई के दौरान समस्त थाना क्षेत्रों के सार्वजनिक स्थलों, धार्मिक स्थल, बस स्टैंड, चौराहों में भ्रमण करते हुए होटल, ढाबा, धर्मशाला इत्यादि स्थानों की जांच की गई और वाहन चालकों को ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से चैक किया गया।

**संपादक मंडल**
अजय परिहार सह संपादक 6232531835, दीपक रैकवार, प्रकाश कठल जिला ब्यूरोचीफ, कानूनी सलाहकार अरविन्द निरंजन एडवोकेट, विक्रम सिंह प्रबंध संपादक 7898634648

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321